Regarding construction and expansion of roads along border areas of Jharkhand and West Bengal-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मैं माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री का ध्यान झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क संपर्क, औद्योगिक परिवहन तथा यातायात दबाव से उत्पन्न गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । 1) एनएच-33 के समीप जमशेदपुर के पारडीह काली मंदिर से पटमदा होते हुए बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल) तक एक नए सड़क मार्ग का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे टाटा स्टील, जमशेदपुर और दुर्गापुर स्टील सिटी के बीच औद्योगिक कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी । 2) साथ ही, वर्तमान में चाईबासा से हाता तक विकसित राष्ट्रीय राजमार्ग-220 को जादूगोड़ा, मुसाबनी एवं घुड़ाबांदा होते हुए ओडिशा के बंबई चौक तक विस्तारित किया जाना आवश्यक है, ताकि इसे एनएच-18 से जोड़ा जा सके और झारखंड-ओडिशा परिवहन नेटवर्क मजबूत हो । 3) इसके अतिरिक्त, जमशेदपुर में लगभग 7,0008,000 उद्योगों के कारण अत्यधिक यातायात दबाव है । इस समस्या के समाधान हेतु कंद्रा से पोटका होते हुए गालुदिह के निकट एनएच-33 तक एक रिंग रोड का निर्माण अत्यंत आवश्यक है । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रस्तावों पर शीघ्र विचार किया जाए ।